SSLC Revision Test Series

KP | Hindi | Time : 45 Mnts

Std. 10 | Type - A | Score : 20

(बीरबहूटी, हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था, टूटा पहिया)

- निर्देश : स्कोर और समय पर ध्यान देकर प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का निम्नलिखित अंश पढ़कर 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

"बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए।" दुकानवाले भैया ने कहा और पूछा "कौन-सी में पढ़ते हो?"

1. बेला और साहिल दुकान क्यों गए? **1**
   (किताब खरीदने, मिठाई खरीदने, कलम खरीदने, कलम में स्याही भरने)
2. "बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए।" दुकानदार ने ऐसा क्यों कहा? **2**
3. इस प्रसंग पर दुकानदार, बेला और साहिल के बीच हुए वार्तालाप कल्पना करके लिखें। **4**

   अथवा

   इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक सीन तैयार करें।

सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढ़कर 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े-बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ!

4. 'ध्वनि' का समानार्थी शब्द है **1**
   (आवाज़, अकेली, असत्य, पक्ष)
5. समान आशयवाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें। [redacted] **2**
   मैं रथ का टूटा पहिया अभिमन्यु के हाथों में रहकर ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।
6. इन पंक्तियों पर टिप्पणी लिखें। [redacted] **4**

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़कर 7 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते। वास्तव में हम जानते हैं कि वह व्यक्ति मुसीबत में है और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है।

7. सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर हमें क्या करना चाहिए? **2**
8. 'मनुष्य को जानने के लिए उसकी हताशा को जानना है।' इसपर अपनी राय क्या है? टिप्पणी लिखें। **4**

   अथवा

   परोपकार के महत्व का संदेश देते हुए पोस्टर तैयार करें।

Type - B

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का निम्नलिखित अंश पढ़कर 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

"तुम्हारी आँख में आँसू क्यों आ रहे हैं बेला?" "मुझे क्या पता।" बेला ने डबडबाई आँखों से हँसते हुए कहा। साहिल की आँखें बीरबहूटी की तरह लाल होने लगी थीं और उनमें बारिश की बूँदों-सा पानी भर गया था।

1. 'उनमें' में निहित सर्वनाम है 1
(वह, यह, वे, ये)
2. साहिल की आँखें क्यों लाल हो गईं? 2
3. इस प्रसंग पर बेला और साहिल के बीच हुए वार्तालाप कल्पना करके लिखें। 4

अथवा

इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक सीन तैयार करें।

सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढ़कर 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैं रथ का टूटा पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत
इतिहास की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का अश्रय ले!

4. 'सत्य' का समानार्थी शब्द है 1
(टूटा, इतिहास, झूठी, सच्चाई)
5. समान आशयवाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें। 2
इतिहास की गति झूठे मार्ग पर चलने लगती है।
6. इन पंक्तियों पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़कर 7 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

वे 'जानने' की हमारी उस जानी-पहचानी रूढ़ि को तोड़ देते हैं जो व्यक्ति के नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानने को जोड़ती है। यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।

7. व्यक्ति को जानने की परंपरागत रीति क्या थी? 2
8. 'जानना' शब्द की लेखक की व्याख्या से क्या आप सहमत हैं? इसपर अपनी राय लिखें। 4

अथवा

लेखक की राय में व्यक्ति को जानने का सही तरीका क्या है? इसकी सूचना देते हुए पोस्टर तैयार करें।